हो जायेगी बल्ले बल्ले | by Nikki-Nisha

करले बावरे तू तैयारी
छोड़ के सारी दुनियादारी
चल खाटू को आज निकल ले
चल खाटू को आज निकल ले
भर देगा वो झोली पल्ले
हो जायेगी बल्ले बल्ले

वो खाटू में बैठा सबके भाग जगाता
लखदातार से जोड़ लिया जिसने भी अपना नाता
उसी की है सरकार वहां पर और किसी का ना चल्ले चल्ले
चल जाए व्यापार वहां पर फ़ौरन भरता सबके गल्ले
भर देगा वो झोली पल्ले
हो जायेगी बल्ले बल्ले

भरे सदा भंडारे हमने हर पल देखे
पल में बदले बाबा सबकी किस्मत के वो लेखे
उसकी जय जयकार के होते रहते हर दम हल्ले हल्ले
वक़्त है तेरे पास अभी भी, प्यारे तू तो संभल ले , संभल ले
भर देगा वो झोली पल्ले
हो जायेगी बल्ले बल्ले

अपना सारा सुख दुःख जब तू उसे सुनाये
कृपा करेगा बाबा तू तो नाम ही नाम कमाए
मन में धीरज धार के बेजा पहले तू तो थल्ले थल्ले
बन के सेवादार दीवाना भरता रहता हर दम गल्ले
भर देगा वो झोली पल्ले
हो जायेगी बल्ले बल्ले

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a5%87%e0%a4%97%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%b2%e0%a5%8d%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%b2%e0%a5%8d%e0%a4%b2%e0%a5%87-by-nikki-nisha/